Regarding shortage of drinking water in Delhi-laid

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : मैं सरकार का ध्यान राजधानी दिल्ली में चल रहे भीषण जल संकट की ओर दिलाना चाहता हूं । दिल्ली में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है । दिल्ली में पानी की मांग 1400 एमजीडी तक पहुंच गई है जबकि सिर्फ 900 एमजीडी पानी की सप्लाई हो रही है । राजधानी में जितना पानी सप्लाई किया जाता है, उसमें से 52 प्रतिशत चोरी हो रहा है । मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार ने जल संयंत्रों को 10 साल से गाद नहीं निकलवाई, जिससे जल संयंत्रों में पानी की स्टोरेज क्षमता बहुत कम हो गई है । दिल्ली में पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए कागजी योजनाएं बनाई गई, जिनमें यमुना के किनारे गड्ढे खोदकर बारिश का पानी जमा करना और यमुना किनारे सैंकड़ों रैनीवैल्स लगाने थे, लेकिन ये सभी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पाई ।

मेरा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री महोदय से अनुरोध है कि इस समस्या का तुरंत समाधान करने के लिए वह दिल्ली सरकार से कोई सार्थक उपाय करने के लिए कहें ताकि दिल्ली की जनता को इस भीषण गर्मी और उमस में पानी की समस्या से निजात मिल सके ।